RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 26 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 243 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 19.6 लाख रुपये की मेफेड्रोन ड्रग बरामद

## भाग रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 54 वर्ष के एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 19.6 लाख रुपये मूल्य की मेफेड्रोन जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, 21 जनवरी को काशमीरा इलाके में गश्त के दौरान पुलिस के मादक पदार्थ रोधी इकाई के अधिकारियों ने एक व्यक्ति को मंदिर के पास संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस ने पालघर जिले के नालासोपारा इलाके के रहने वाले आरोपी फहीम करीम खान के कब्जे से 98 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की।

इसमें कहा गया है कि आरोपी के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, के प्रावधानों के तहत एक मामला दर्ज किया गया। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी को मेफेड्रोन कहां से मिली और वह इसे किसको बेचना चाहता था। बता दें कि मेफेड्रोन ड्रग को कोड नाम के तहत म्याऊं-म्याऊं कहा जाता है। मेफेड्रोन कोई दवा नहीं, बल्कि पौधों के लिए बनी सिथेंटिक खाद है, लेकिन इसका सेवन करने से हेरोइन और कोकीन से भी ज्यादा नशा होता है। दोनों की तुलना में यह ड्रग बहुत ही सस्ता है। नशे के सौदागरों ने शहर के युवाओं को एमडी ड्रग के जाल में इस कदर जकड़ लिया है कि बड़ी संख्या में युवा नशेड़ी बनते जा रहे हैं।

# ग्रांट रोड मुंबई सेंट्रल को नवी मुंबई थाना से जोड़ने के लिए मनपा बनाएगी एलीवेटेड रोड

# खर्च होंगे 750 करोड़

## तीन साल में तैयार होगा एलीवेटेड रोड, 40 मिनट की दूरी 7 मिनट में होगी तय...



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने दक्षिण मुंबई के ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल के लोगो को थाना और नवी मुंबई को जोड़ने के लिए मनपा ने एलीवेटेड रोड बनाने का निर्णय लिया है। एलीवेटेड रोड को बनाने ने तीन साल का समय लगने की संभावना है। मनपा एलीवेटेड के निर्माण में 743 करोड़ 28 लाख रुपया खर्च किया जाएगा। मनपा के ब्रिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल में रहने वाले नागरिकों को थाने और नवी मुंबई जाने के लिएं बड़ी ट्रैफिक का सामना करना पड़ता है। मुंबई के येस्टर्न फ्री वे को ग्रांट रोड से जोड़ने के लिए एली वेटेड रोड बनाए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि यह रोड लगभग 6 किमी की दूरी तय करेगा। ग्रांट रोड और मुंबई सेंट्रल रहने वाले नागरिको को यह 6 किमी की दूरी तय करने में लगभग 40 से 50 मिनट का समय लगता है। एलीवेटेड रोड बन जाने से यह दूरी मात्र 6 से 7 मिनट में तय हो जाएगी। दक्षिण मुंबई से पश्चिम उपनगर के लिए बनाए जा रहे कोस्टल रोड और शिवडी नावा सेवा एम टी एच एल रोड से भी इसे जोड़ा जाएगा जिससे नवी मुंबई एयर पोर्ट जे एन पी टी जाना आसान होगा। मनपा एलीवेटेड रोड का निर्माण चार चरणों में करेगी जिससे रोड निर्माण में आसानी होगी।यह रोड अगले तीन साल में तैयार किया जाएगा। ईस्टर्न फ्री वे के ऑरेंज गेट से कोस्टल रोड और शिवडी - न्हावा - शेवा को जोड़ने वाले एमटीएचएल को जोड़ने के लिए अंडरग्राउंड टनल बनाया जाएगा। एलीवेटेड रोड 4 लेन का बनाए जाने की जानकारी मनपा के ब्रिज विभाग के अधिकारियों ने दी। एलीवेटेड रोड ईस्टर्न फ्री वे ऑरेंज गेट, जे राठोड मार्ग, जे जे फ्लाय ओव्हर, मेट्रो सिनेमा, मरिन लाईन्स,चरनी रोड आदि इलाको को होकर ग्रांट रोड तक जाएगा।

# बांद्रा में धूं-धूं कर जली BEST की बस

## सभी यात्री सुरक्षित, आग पर पाया काबू



**मुंबई :** महारष्ट्र से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार, यहां राजधानी मुंबई के बांद्रा में बेस्ट कि एक बस में अचानक आग लग गई। वहीं जानकारी के अनुसार इस आग में अब काबू पा लिया गया है साथ ही सभी यात्री भी सुरक्षित है। घटना पर विवरण का इंतजार है। गौरतलब है कि कि बीते नवंबर 2022 को भी मुंबई में हाराष्ट्र के अमरावती के पिंपलविहिर में राज्य परिवहन निगम की बस में आग लग गई थी। बस में जब आग लगने की घटना हुई उस समय उसमें 35 लोग सवार थे। मामले पर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बस पिंपलविहिर जा रही थी, उस समय उसमें 35 यात्री सवार थे। अचानक इंजन के पास से धुंआ उठता हुआ दिखने लगा। बस ड्राइवर ने पहले बस धीरे की, उसके बाद किनारे रोक दिया, वो बस का गेट खोलकर उतर गया। गेट खोले जाने के बाद सभी यात्रियों में हायतौबा मच गई थी।

# वसई फाटा इलाके में लगी आग

## हर तरफ धुएं का गुबार...



**मुंबई :** मुंबई में एक कंपनी में आग लगने की खबर सामने आई है. मिली जानकारी के अनुसार वसई फाटा इलाके में ये आग लगी है. सामने आये एक वीडियो में धुआं उठता दिखाई दे रहा है. घटनास्थल के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है.

मुंबई की 29 मंजिला एक आवासीय इमारत में मंगलवार देर रात आग लग जाने के बाद चार लोगों को दम घुटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया. अधिकारियों ने बताया कि अंधेरी के लोखंडवाला परिसर में शिवशक्ति भवन की 24वीं मंजिल पर देर रात करीब पौने दो बजे आग लग गई. दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कम से चार दमकल वाहन, पांच बड़े टैंकर और अन्य दमकल वाहनों को भेजा गया था तथा आग पर तड़के सवा पांच बजे काबू पा लिया गया था.

नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग 24वीं मंजिल पर इमारत के एक गलियारे में बिजली के तारों में लगी और धुआं इमारत की 23वीं मंजिल तक फैल गया. अधिकारी ने बताया कि दम घुटने की समस्या के कारण दो वरिष्ठ नागरिकों समेत चार लोगों को पास के कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है. अधिकारियों ने बताया कि उनमें से एक व्यक्ति की आयु 85 वर्ष है और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है. उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है.



## संपादकीय / लेख



# संवाद के बजाय विवाद

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट और सरकार के बीच विवाद जिस तरह बढ़ता जा रहा है, वह शुभ संकेत नहीं। दोनों ही पक्षों को यह समझना होगा कि इस मामले में विवाद की नहीं, संवाद की आवश्यकता है। यह निराशाजनक है कि इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए कोई पहल होती नहीं दिख रही है। ऐसी किसी पहल के स्थान पर दोनों ही पक्ष और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट अपने रवैये पर कुछ अधिक ही अडिग और आक्रामक है। इसका प्रमाण तब मिला जब उसने उस रपट के अंश सार्वजिनक कर दिए, जो नियुक्त किए जाने वाले न्यायाधीशों के संदर्भ में सरकार की ओर से उसे सौंपी गई थी। इस रपट में खुफिया एजेंसियों की ओर से दी गई जानकारी थी।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं हो सकती कि खुफिया एजेंसियों के आकलन को सार्वजनिक करने का काम सुप्रीम कोर्ट करे। इस पर केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने उचित ही आपत्ति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने यह काम भले ही स्वयं को सही सिद्ध करने के लिए किया हो, लेकिन उसे समझना होगा कि वह कलेजियम को संविधानसम्मत साबित नहीं कर सकता। इसलिए नहीं करता, क्योंकि संविधान में यह कहा ही नहीं गया कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट की ओर से बनाए गए कलेजियम के माध्यम से की जाएगी। कलेजियम व्यवस्था न केवल संविधान की मूल भावना, बल्कि लोकतांत्रिक मयार्दा के भी विरुद्ध है। यह समझ आता कि न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार के हिसाब से न हो, लेकिन इसका यह अर्थ भी नहीं हो सकता कि वह पूरी तरह सुप्रीम कोर्ट की मनमर्जी से हो। फिलहाल ऐसी ही स्थिति है। न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार की भूमिका पोस्ट मास्टर सरीखी ही है। सुप्रीम कोर्ट ने सब कुछ अपने हाथ में ले रखा है। सबसे विचित्र यह है कि वह न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित मेमोरंडम आफ प्रोसीजर को भी दुरुस्त करने के लिए तैयार नहीं, जबकि उसने स्वयं माना था कि इसमें सुधार की आवश्यकता है। वास्तव में इसी कारण यह कहा जाता है कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया का हरण कर लिया है। आखिर न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में ऐसी कोई व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के साथ सरकार की भी भागीदारी हो? विश्व के अन्य अनेक देशों में ऐसा ही है। कहीं-कहीं तो न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार ही करती है। क्या ऐसे देशों के बारे में यह कहा जा सकता है कि वहां भारत से खराब न्याय व्यवस्था है? सच्चाई तो इसके विपरीत है। भारत न केवल अपनी दोषपूर्ण न्याय व्यवस्था के लिए जाना जाता है, बल्कि लंबित मुकदमों के भारी बोझ और तारीख पर तारीख के अंतहीन सिलसिले के लिए भी। नि:संदेह इसके लिए सुप्रीम कोर्ट भी जवाबदेह है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

### भाजपा के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा-

# BJP और एकनाथ शिंदे मिलकर BMC चुनाव में जीतेगी 150 से ज्यादा सीटें



**मुंबई :** भाजपा के मुंबई अध्यक्ष और विधायक आशीष शेलार ने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में भाजपा और शिवसेना आगामी बीएमसी चुनाव में 150 से अधिक सीटें जीतेगी। बता दें कि यही बात केंद्रीय अमित शाह भी कह चुके हैं कि 'मिशन 150 सीटें' के तहत बीएमसी चुनाव में भाजपा 150 से अधिक सीटें जीतेगी। शेलार ने कहा कि भाजपा का मुंबई में मेयर भी होगा। बता दें कि बृहन्मुंबई नगर निगम के सदन में 227 सीटें हैं। यह वर्तमान में एक प्रशासक के अधीन है क्योंकि इसके निर्वाचित प्रतिनिधियों का पांच साल का कार्यकाल पिछले साल की शुरूआत में समाप्त हो गया था और नए चुनाव होने वाले हैं।

**नए निकाय का मेयर बीजेपी से होगा: शेलार**

उन्होंने आगे कहा,'हमारे गठबंधन सहयोगी सीएम एकनाथ शिंदे के साथ बीजेपी 150 से ज्यादा सीटें जीतेगी।' शेलार ने कहा, 'दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और वर्तमान में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में अंतर है। बालासाहेब एक बड़े दिल वाले व्यक्ति थे, हमेशा बातचीत के लिए तैयार रहते थे और उनके गठबंधन (बीजेपी के साथ) की नींव हिंदुत्व थी।'

**उद्धव ठाकरे पर जमकर बरसे शेलार**

उन्होंने कहा कि अतीत में उद्धव ठाकरे की कई टिप्पणियां भाजपा के लिए महत्वपूर्ण थीं। 2014 और 2019 के बीच राज्य सरकार में भाजपा के साथ सत्ता साझा करते हुए, उद्धव ने एक बार कहा था कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ 25 से अधिक वर्षों के गठबंधन के दौरान सड़ गई। उन्होंने आगे कहा साल 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले, उन्होंने हमारे साथ सिर्फ 1 सीट के लिए गठबंधन तोड़ दिया था। पूर्व राज्य मंत्री ने उद्धव ठाकरे के व्यवहार को एक असंगति बताते हुए कहा कि उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनावों से पहले फिर से हमारे साथ हाथ मिलाया लेकिन नतीजे आने के बाद इसे तोड़ दिया। बीएमसी चुनाव में पीएम मोदी की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर शेलार ने कहा, 'वह उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरह स्वाभाविक रूप से हमारे अभियान का चेहरा बने रहेंगे।' बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल भाजपा कार्यकताओं से बीएमसी चुनावों के लिए मैदान में उतरने को कहा था, जिसके लिए उन्होंने 'मिशन 150 सीटों' का लक्ष्य तय किया था।

**पीएम मोदी ने किया मुंबई में विकास परियजनाओं का उद्घाटन**

शिवसेना का साल 1997 से ही बीएमसी पर कब्जा रहा है। बता दें कि लगभग 45,000 करोड़ रुपये के वार्षिक बजट के साथ बीएमसी, एशिया के सबसे अमीर म्युनिसिपल कारपोरेशन है। साल 2017 में हुए बीएमसी के चुनाव में शिवसेना ने 84 सीटों पर जीत हासिल की थी। गौरतलब है कि पिछले बार भाजपा ने भी 82 सीटें जीती थी। पिछले हफ्ते, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी यात्रा को आसान बनाने और स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से 38,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।

# चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदली...!




**महाराष्ट्रः** चुनाव आयोग ने बुधवार को महाराष्ट्र में विधानसभा की दो सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की तारीख को बदलने का एलान किया। ईसी ने 27 फरवरी को होने वाले मतदान की तारीख को एक दिन पहले यानी 26 फरवरी कर दिया है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में उपचुनाव पुणे जिले में आने वाली दो सीटों- चिंचवाड़ और कस्बा पेठ में होने हैं। निर्वाचन आयोग को जानकारी मिली थी कि जिले में 27 फरवरी को 12वीं और ग्रैजुएशन की परीक्षाएं हैं। इसी के चलते ईसी ने तारीखों को बदलने का एलान किया। हालांकि, आयोग ने वोटों की गिनती की तारीख में कोई बदलाव नहीं किया और यह दो मार्च को ही होगी। इसी दिन त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा नतीजों का भी एलान होना है।

# मुंबई में लगी 29 मंजिला इमारत में आग

### दम घुटने के कारण अस्पताल में भर्ती हुए 4 लोग



**मुंबई :** मुंबई की 29 मंजिला एक आवासीय इमारत में मंगलवार देर रात आग लग जाने के बाद चार लोगों को दम घुटने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि अंधेरी के लोखंडवाला परिसर में शिवशक्ति भवन की 24वीं मंजिल पर देर रात करीब पौने दो बजे आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कम से चार दमकल वाहन, पांच बड़े टैंकर और अन्य दमकल वाहनों को भेजा गया था तथा आग पर तड़के सवा पांच बजे काबू पा लिया गया था। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग 24वीं मंजिल पर इमारत के एक गलियारे में बिजली के तारों में लगी और धुआं इमारत की 23वीं मंजिल तक फैल गया। अधिकारी ने बताया कि दम घुटने की समस्या के कारण दो वरिष्ठ नागरिकों समेत चार लोगों को पास के कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उनमें से एक व्यक्ति की आयु 85 वर्ष है और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



# अमित शाह के साथ बैठक के बाद बोले सीएम शिंदे

## महाराष्ट्र के लिए केंद्र ले सकता है बड़ा फैसला

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. दोनों नेताओं की ये बैठक नार्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय में हुई. बैठक में महाराष्ट्र से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई. केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद महाराष्ट्र उट एकनाथ शिंदे ने कहा कि चीनी उद्योग को ताकत देने और सशक्त बनाने पर सकारात्मक चर्चा हुई. निश्चित रूप से महाराष्ट्र के चीनी उद्योग और किसानों को इसका फायदा होगा. उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्री महाराष्ट्र को फायदे देने वाले निर्णय लेंगे. वहीं



दूसरी ओर बैठक के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 26 जनवरी को लेकर राज्य सरकार की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त है. पुलिस और जांच एजेंसियां अलर्ट पर हैं, उम्मीद है 26 जनवरी के दिन कोई अप्रिय घटना नहीं होगी.

वहीं दूसरी ओर पिछले कुछ समय से अपने बयानों को लेकर विवादों को लेकर घिरे रहे महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने अपने पद से मुक्त होने की इच्छा जताई है. इसको लेकर उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखा है. सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भगत सिंह कोश्यारी ने खुद इसकी जानकारी दी. वहीं राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के इस फैसले पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक टीवी चैनल पर बातचीत के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यदि वे चाहें को आगे पांच सालों तक महाराष्ट्र के गवर्नर बने रह सकते हैं, कोई उनसे इस्तीफा देने को नहीं कहेगा.

# चंद्रपुर में एक साल में 241 बच्चों का अपहरण

## लड़कियों की संख्या सबसे ज्यादा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले से चौंका देने वाली खबर है। जहां बीते एक साल में 241 नाबालिग बच्चों का अपहरण हुआ है। इसमें 202 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि पुलिस इनमें से 211 बच्चों का पता लगाने में कामयाब रही, लेकिन आज तक 26 लड़कियों और दो लड़कों का कुछ पता नहीं चल पाया हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, चंद्रपुर जिले में आए दिन गुमशुदगी और अपहरण जैसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। लापता होने वालों में महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले ज्यादा है। आंकड़ों पर गौर करें तो जिले से पिछले एक साल में अचानक 1 हजार 617 नागरिक लापता हो गए। इस संबंध में जिले के विभिन्न थानों में शिकायत दर्ज कराई गई है। जबकि वर्षभर में 620 पुरुष



और 997 महिलाएं लापता हो गई हैं। लापता व्यक्तियों में से 1 हजार 306 नागरिकों को खोजने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने 491 पुरुषों और 815 महिलाओं को ढूंढ निकाला है। आज भी चंद्रपुर पुलिस के सामने 311 नागरिकों को ढूंढने की चुनौती है।

हालांकि सवाल उठ रहा है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के गायब होने की वजह क्या है? गुस्से में घर छोड़ना, माता-पिता से नाराज होना, घर के झगड़े के कारण, बदनामी या मारपीट के डर से घर छोड़ना, प्रेम प्रसंग जैसे कई कारण पुलिस जांच में सामने आए हैं।

## ब्रिज से नीचे गिरा स्कूटर, दो की मौत

**ठाणे।** शहर में मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हुआ, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार स्कूटर शहर के व्यस्त ब्रिज से नीचे गिर गया। इस दुर्घटना में स्कूटर पर सवार दो युवकों की जान चली गई। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि कैसल मिल नाका के पास ब्रिज पर आज तड़के करीब साढ़े तीन बजे स्कूटर हादसे का शिकार हुई। अधिकारी के अनुसार, 21 वर्षीय और 26 वर्षीय दोनों युवक स्कूटर से माजीवाड़ा की ओर से ठाणे जा रहे थे। इस बीच, ब्रिज पर स्कूटर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिसकी वजह से स्कूटर ब्रिज की सुरक्षा दीवार से टकराई और सीधे ब्रिज से नीचे गिर गई। अधिकारी ने बताया कि स्कूटर सवार दोनों लोग ऊंचाई से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल ठाणे सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें एडमिट करने से पहले ही मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान ठाणे शहर के लोकमान्य नगर निवासी प्रतीक विनोद मोरे (21) और उल्हासनगर शहर निवासी राजेश बेचनप्रसाद गुप्ता (26) के रूप में हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर, मृतक युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

## बोरीवली में हल्दी कुंकू का भव्य आयोजन हुआ



**बोरीवली।** नरेंद्र फाउंडेशन के चेयरमैन तथा उत्तर मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र कुमार द्वारा भव्य स्नेह सम्मेलन एवं पारंपरिक हल्दी कुंकू समारोह का आयोजन किया गया। बोरीवली पूर्व के सीता महल, कार्टर रोड नंबर 5 पर स्थित नरेंद्र हॉस्पिटल परिसर में हुए इस भव्य आयोजन में मुंबई महिला कांग्रेस की अध्यक्षा अनिशा बागुल, फिल्म धाकड़ फेम तथा टेलीविजन धारावाहिक दास्तान-ए-लैला में लैला का लीड किरदार निभानेवाली प्रसिद्ध अभिनेत्री और नामचीन मॉडल अपूर्वा देशमुख, प्रसिद्ध म्युजिक डायरेक्टर दिलीप सेन, डॉक्टर शोभा शर्मा, उत्तर मुंबई कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कालू बुधेलिया, कुमार खिल्लारे, कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन के एपीआय किशोर आवाले,एपीआय श्री रणजीत सिंह ठाकुर, निर्भया पथक के निर्भया अधिकारी ए.एस. आय गणेश कोविंडे, पूर्व नगरसेवक विनय पाटिल, पूर्व नगरसेविका शीतल म्हात्रे, प्रगति राणे, रश्मि मेस्त्री , डॉक्टर निमेष मेहता, डॉक्टर राजेश पांचाल, डॉक्टर किशोर सिंह, अरुण तिवारी, मुनीराम तिवारी, लीलावती सोनावणे, उमा मालवणकर और प्रियांका गांगुर्डे विशेष रूप से उपस्थित थे। आमंत्रित सभी महिलाओं के मस्तक पर पवित्र कुंकू लगाकर उन्हें उपहार देते हुए उनका सम्मान किया गया और नारी शक्ति के सुनहरे भविष्य की कामना की गई।

## माघी गणेशोत्सव : पिछले साल की अनुमति होगी मान्य

**मुंबई।** माघी गणेशोत्सव के समय बनने वाले मंडप को लेकर मनपा ने अधिसूचना जारी की है, जिसके तहत पिछले साल बने मंडप को इस साल गत वर्ष की अनुमति को ध्यान में रखते हुए विभाग कार्यालयों के माध्यम से जांच कराकर अनुमति प्रदान की जाएगी। नए मंडप बनाने के लिए पुलिस और फायर की अनुमति लेना आवश्यक होगा। इस साल माघी गणेशोत्सव 25 जनवरी को मनाया जाएगा। माघी गणेशोत्सव और उसके तुरंत बाद गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी में पुलिस की व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए मनपा ने पिछले साल मंडप को दी गई मंजूरी को ध्यान में रखते हुए माघी गणेशोत्सव के लिए प्राप्त आवेदनों को स्थानीय/यातायात पुलिस को अग्रेशित नहीं किया जा रहा है। इस साल नया मंडप बनाने के लिए मांगी जाने वाली मंजूरी को ही पुलिस और दमकल विभाग के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। गणेश विसर्जन के लिए लगने वाली सभी प्रकार की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय सहायक आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें कृत्रिम तालाबों की सुविधा उपलब्ध जायेगी। माघी गणेशोत्सव के दौरान मंडप निर्माण की अनुमति के लिए हर साल की तरह गैर कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।



## ठाणे की अदालत ने 7 लोगों को बरी किया, हत्या का था मामला

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक विशेष अदालत ने हत्या के प्रयास के एक मामले में सात लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन आरोपों को साबित करने में विफल रहा। विशेष (मकोका) न्यायाधीश अमित एम शेते ने 18 जनवरी को आदेश जारी किया, जिसकी एक प्रति मंगलवार को उपलब्ध हुई। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, आरोपियों ने फरवरी 2016 में शिकायतकर्ता से पुरानी रंजिश के चलते उस पर तलवारों से हमला किया था। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), शस्त्र अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत कथित हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश शेते ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष कथित आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर सका।

# अगर नमाज की जगह है तो हिंदुओं के लिए मंदिर क्यों नहीं!

## मुंबई एयरपोर्ट पर प्रेयर रूम को लेकर मचा बवाल...

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे के परिसर में मंदिर बनाने की मांग की गई है. नासिक के संत की ओर से मांग की गई है क अन्य धर्मों के नागरिकों को भी मुस्लिमों की तरह प्रार्थना करने के लिए कोई जगह उपलब्ध कराई जाए. साथ ही कहा गया है कि अगर सरकार ऐसा नहीं करती तो मुंबई हवाई अड्डे पर नमाज के स्थान भी बंद किए जाएं. अंजनेरी नासिक के महंत अनिकेत शास्त्री ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर मांग किया कि एयरपोर्ट परिसर में हिंदुओं की प्रार्थना के लिए




भी जगह होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार सभी के लिए समान अधिकार होना चाहिए. महंत ने कहा कि जब मुस्लिमों के नमाज पढ़ने के लिए एयरपोर्ट में प्रार्थना रूम है तो फिर अन्य धर्मों के लिए भी ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए. महंत अनिकेत शास्त्री की इस मांग पर सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. महंत ने पत्र में यह भी कहा है कि अगर सरकार अन्य धर्मों के लिए पूजा स्थल की व्यवस्था नहीं करती है तो फिर नमाज रूम भी बंद होना चाहिए. अंजनेरी नासिक पीठाधीश्वर अनिकेत शास्त्री हाल ही में बागेश्वर धाम का समर्थन करने के बाद चर्चा में आए थे. आपको बता दें बाबा बागेश्वर धाम को लेकर मचे बवाल पर अनिकेत शास्त्री ने धीरेंद्र कृष्ण का समर्थन किया था. उन्होंने बागेश्वर धाम का समर्थन करते हुए किसी मुस्लिम बाबा और पादरी द्वारा लोगों की बीमारी ठीक करने के दावे को चुनौती दी थी.



# 30 जनवरी को आधी मुंबई को नहीं मिलेगा पानी

## 12 वार्ड में बंद रहेगी आपूर्ति, 2 वार्डों में 25 प्रतिशत पानी जलापूर्ति, 4 फरवरी तक रहेगा पानी की दिक्कत

**मुंबई :** पानी सप्लाई करने वाले भांडुप जलाशय केंद्र पर जल शोधन संयंत्र में 4000 मिमी व्यास की पाइप जोड़ने का काम किया जाएगा। पाइप लाइन जोड़ने का काम 30 जनवरी से शुरू होकर 4 फरवरी तक चलेगा। मरम्मत कार्य 31 जनवरी को पूरा हो जाएगा लेकिन ने काम 4 फरवरी तक चलेगा। जिसके कारण 30 जनवरी को आधी मुंबई का पानी सप्लाई बंद रहेगा. मनपा के जल विभाग के प्रमुख इंजीनियर पुरुषोत्तम मालवदे ने बताया कि 30 जनवरी 2023 को सुबह 10 बजे से मनपा के 24 में से 12 वार्डों की पानी सप्लाई 31 जनवरी को सुबह 10 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उपनगरों के



9 वार्डों के पूर्व, के पश्चिम, पी दक्षिण, पी उत्तर, आर दक्षिण, आर मध्य, आर उत्तर, एच ईस्ट और एच वेस्ट में कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

पूर्वी उपनगर के एस डिविजन, एन डिविजन और एल डिविजन के कई इलाकों में भी पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी. इसके अलावा, माहिम पश्चिम, दादर पश्चिम, प्रभा देवी और माटुंगा पश्चिम के दो वार्ड 'जी उत्तर' और 'जी दक्षिण' के क्षेत्रों में जलापूर्ति 30 और 31 जनवरी 2023 को 25 फीसदी की कटौती से सप्लाई होगा। जबकि धारावी इलाके में जहां शाम 4 बजे से रात 9 बजे के बीच पानी की आपूर्ति की जाती है, वहां 30 जनवरी 2023 को पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी।

मनपा अधिकारी ने कहा कि मोटी पाइप लाइन जोड़ने के अलावा, वाल्व लगाने और फूटी पाइप का मरम्मत के बाद नागरिकों को पानी की आपूर्ति अधिक सुचारू रूप से और बेहतर किया जा रहा है. इन कार्यों के कारण, 29 जनवरी से 4 फरवरी के बीच मुंबई के उपरोक्त विभागों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी अथवा कम दबाव में होगी. मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी का संयम और सावधानी से उपयोग करें और पानी की आपूर्ति बाधित होने और कम दबाव वाली पानी की आपूर्ति की अवधि के दौरान मनपा का सहयोग करें

# लातूर में बैंक धोखाधड़ी के मामले में दो लोग गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** पुलिस ने महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक से 22.87 करोड़ रुपये के कथित गबन के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता तहसीलदार महेश परांडेकर के अनुसार सरकार के जलयुक्त शिविर अभियान के तहत धनराशि वितरित करने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद आरटीजीएस (रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट) के माध्यम से 12,27,297 रुपये और 41,06,610 रुपये की राशि का वितरण करने के लिए जल संरक्षण अधिकारियों को दो 'डिमांड ड्राफ्ट दिए गए। पुलिस निरीक्षक संजीवन मिरकाले ने बताया कि जब संबंधित दस्तावेज बैंक में जमा किए गए, तो पाया गया कि खाते में शेष राशि केवल 96,559 रुपये है। इसके बाद एक लेखा परीक्षा (ऑडिट) की गई, जिसमें 22.87 करोड़ रुपये के कथित गबन का पता चला। अधिकारी ने बताया कि तहसीलदार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को स्थानीय राजस्व विभाग के दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई फायरमैन भर्ती के फिजिकल टेस्ट के दौरान 147 उम्मीदवार जख्मी... पांच की हड्डी में फ्रैक्चर




**मुंबई :** मुंबई में फायरमैन की भर्ती के दौरान फायर ब्रिगेड सर्विस में भर्ती होने आए 147 कैंडिडेट फिजिकल टेस्ट के दौरान घायल हो गए, इनमें से 5 कैंडिडेट की तो हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शहर के नागरिक निकाय बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी.

**19 फुट ऊंचे मंच से कूदने के दौरान घायल हुए उम्मीदवार**

बीएमसी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि अधिकांश उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षण के तहत 19 फुट ऊंचे मंच से कूदने के दौरान ये चोटें आईं. चोटिल उम्मीदवारों को तुरंत मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई गई जबकि गंभीर रूप से घायल हुए 5 उम्मीदवारों को अस्पताल में भर्ती किया गया. पांचों उम्मीदवारों की हड्डियों में फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है, जिनका इलाज जारी है. दरअसल इन कैंडिडेट को मंच से जमीन पर नहीं बल्कि प्रशिक्षित दमकलकर्मियों द्वारा पकड़ी गई जंपिंग शीट पर कूदना होता है, जंपिंग शीट पर कूदना जमीन पर कूदने की बजाय ज्यादा मुश्किल होता है.

**910 पदों पर भर्ती के लिए चलाया गया था अभियान**

दरअसल बीएमसी मुंबई फायर ब्रिगेड में फायरमैन के 910 पदों पर भर्ती के लिए एक अभियान चलाया गया था. इन 910 पदों के लिए कुल 7532 कैंडिडेट पश्चिमी उपनगर के दहिसर में स्थित एक मैदान में फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे थे.

**प्राथमिक उपचार के बाद सभी उम्मीदवारों को भेजा गया घर**

बीएमसी ने कहा कि 147 उम्मीदवारों को चोटें आई हैं जिन्हें तुरंत एंबुलेंस से नगर निगम के अस्पतालों में ले जाया गया और प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें घर जाने की अनुमति दी गई जबकि जिन पांच उम्मीदवारों को फ्रैक्चर हुआ उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया गया है. बीएमसी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन किया जा रहा है.

# महाराष्ट्र में समय से पहले हो सकता है विधानसभा चुनाव

## NCP नेता सुप्रिया सुले ने दिए ये संकेत

**मुंबई :** महाराष्ट्र में समय से पहले विधानसभा चुनाव हो सकते है. ऐसा वरिष्ठ एनसीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने संकेत दिए हैं. सुप्रिया सुले का कहना है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव से भी पहले हो सकते हैं. इसकी बड़ी वजह है कि प्रदेश की मौजूदा सरकार में भरोसे की कमी है. सुप्रिया सुले ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव से भी पहले हो सकते हैं, कुछ भी संभव है, जो चल रहा है उसमें मैं खुशी नहीं देख पा रही हूं, मैं काफी ज्यादा असंतोष देख रही हूं.

सुप्रिया सुले ने कहा कि एक समानांतर संगठन काम कर रहा है जोकि सारे फैसले ले रहा है. मुझे मीडिया से पता चला कि छह विभागों को एक आदमी चला रहा है. एक व्यक्ति के पास सभी पॉवर आ गई है, इन लोगों मे चिंता और भरोसे की कमी साफ कमी दिख रही है. वहीं जब महाविकास अघाड़ी को लेकर



सुप्रिया सुले से पूछा गया कि क्या एक बार फिर से मिलकर महागठबंधन चुनाव लड़ेगा तो इसपर सुले ने कहा कि अगर चुनाव जल्दी हुए तो महागठबंधन काफी अच्छा करेगा. सुप्रिया सुले ने आगे कहा कि तस्वीरें अच्छी आने का मतलब यह नहीं होता है कि हालात अच्छे हैं. जब लोग ज्यादा हंसते हैं तो चिंता ज्यादा होती है. हमे आम जनता के मुद्दों को आगे लाने की जरुरत है.

**विपक्ष एकजुट हुआ तो बढ़ेंगी बीजेपी की मुश्किलें- सुले**

सांसद ने कहा रोजगार, महंगाई, अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिए. लव जिहाद और हिंदुत्व जैसे मुद्दों से कुछ नहीं होगा. हमे इन लोगों के प्रोपेगेंडा का जवाब देना होगा. अगर विपक्ष एकजुट होता है तो बीजेपी के लिए मुश्किल बढ़ सकती है. देवेंद्र फडणवीस साम-दाम-दंड-भेद से चुनाव लड़ने में भरोसा रखते हैं. मुझे समझ नहीं आ रहा है कि पिछले छह महीनों में कोई फेरबदल क्यों नहीं हुआ है. बीजेपी विपक्ष पर हमला करती है, पीएम मोदी परिवारवाद पर बात करते हैं. मैं आश्चर्यचकित थी कि उन्होंने मुंबई में इस मुद्दे को नहीं उठाया. मुझे लगा वह और भी सख्त बयान देंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा.


मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com